आज ही के दिन 1699 में 16वें मुग़ल बादशाह आलमगीर द्वितीय का जन्म हुआ था।

आहुजा पैथोलॉजी ने मेट्रोपोलिस से की साझेदारी

- उत्तराखंड के 25 शहरों में सेवाओं का विस्तार करेंगे: डॉ. कीर्ति

भास्कर समाचार सेवा

पत्रकारों से वार्ता करते मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड की चडॉ. कीर्ति चड्ढा।

देहरादून। डॉ. आहुजा पैथोलॉजी एण्ड इमेजिंग सेंटर (डीएपीआईसी) ने देश की दूसरी सबसे बड़ी डायग्नोस्टिक कंपनी मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर ग्रुप के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य राज्य भर में उच्च गुणवत्ता वाली, किफायती और आधुनिक जांच सेवाओं को और अधिक लोगों तक पहुंचाना है। इस समय डीएपीआईसी देहरादून में दो एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं और नौ रोगी सेवा केंद्र संचालित कर रहा है, जबकि मेट्रोपोलिस के पास एक लैब और छह केंद्र हैं। इस साझेदारी से दोनों का संयुक्त नेटवर्क मजबूत होगा और अगले तीन वर्षों में लगभग 100 नए केंद्रों को खोलने की योजना है। ये सेवाएं हरिद्वार, ऋषिकेश, रुड़की, नैनीताल, मसूरी, अल्मोड़ा, रुद्रपुर और खटीमा जैसे 20-25 शहरों तक पहुंचेंगी, जिससे लोगों को उनके घर के पास ही जरूरी स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिल सकेगी। डॉ. आहुजा पैथोलॉजी एण्ड इमेजिंग सेंटर के संस्थापक डॉ. आलोक आहुजा ने कहा कि डीएपीआईसी में हमने हमेशा सटीक जांच और समुदाय की सेवा को प्राथमिकता दी है। मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड की चीफ साइंटिफिक और इनोवेशन ऑफिसर डॉ. कीर्ति चड्ढा ने कहा कि यह साझेदारी हमारी उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि हम उन्नत डायग्नोस्टिक सेवाओं को सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि उन्हें छोटे शहरों और कस्बों तक पहुंचाना चाहते हैं। डीएपीआईसी की मजबूत स्थानीय पकड़ और मेट्रोपोलिस की वैज्ञानिक विशेषज्ञता को मिलाकर हम उत्तराखंड में डायग्नोस्टिक प्लेटफॉर्म तैयार करना चाहते हैं।

राष्ट्रपति के उत्तराखंड भ्रमण से पूर्व सभी तैयारिया पूर्ण करें: डॉ. राकेश

- अपर सचिव ने ली राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक

भास्कर समाचार सेवा

राष्ट्रपति निकेतन का निरीक्षण करते हुए अपर सचिव डॉ. राकेश गुप्ता।

देहरादून। राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अपर सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने गुरूवार को देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन में राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व अपर सचिव डॉ गुप्ता ने समुचित परिसर एवं पार्क का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया।

अपर सचिव डॉ राकेश गुप्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रपति के भ्रमण से पूर्व सभी तैयारिया पूर्ण करेंगे उत्तराखंड देहरादून के राजपुर रोड़ पर स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रपति निकेतन 24 जून से आम जनता के लिए ओपन किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 20 जून को राष्ट्रपति निकेतन 21 एकड़ और राष्ट्रपति तपोवन 19.5 एकड़ का सार्वजनिक करेगी तथा 132 एकड़ के राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला रखेंगी। अपर सचिव डॉ. गुप्ता ने राष्ट्रपति निकेतन, राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति उद्यान में संचालित नवनिर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की और राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे से पूर्व सभी निर्माणाधीन कार्यों एवं तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर सचिव डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रपति उत्तराखंड राज्य को बड़ी सौगात देने जा रही है। देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन जहां पहली बार आम जनता के लिए खोला जाएगा। वहीं राष्ट्रपति निकेतन परिसर में बन रहे राष्ट्रपति उद्यान से देहरादून को ग्रीन स्पेस (हरा-भरा स्थान) की बड़ी सौगात मिलेगी। इससे पूरे शहर और आम लोगों को दीर्घकाल तक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि 132 एकड़ भूमि पर बन रही राष्ट्रपति उद्यान की राष्ट्रपति 20 जून को इसकी आधार शिला रखेंगी। जो कि अगले वर्ष जुलाई 2026 तक तैयार होकर जनता के लिए खोला जाएगा। इस उद्यान में विश्व स्तरीय सुविधाएं, नवीन डिजाइन, टिकाऊ व्यवस्थाओं के साथ-साथ हरियाली, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी प्रमुख केंद्र होगा। बैठक में निदेशक राष्ट्रपति सचिवालय स्वाति शाही, पीआरओ राष्ट्रपति भवन कुमार समरेश, प्रबंधक जॉय कुमार शाह, सचिव लोनिवि पंकज पांडेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

उत्तराखंड कांग्रेस में अब बनेगा गढ़वाल और कुमाऊं का संतुलन

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ बैठक में कांग्रेस नेताओं ने रखी बात

- 2027 में उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा को देखते हुए संगठन में होगा फेरबदल

भास्कर समाचार सेवा

बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता विपक्ष लोकसभा राहुल गांधी एवं संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल।

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता दिल्ली दौरे पर हैं। गुरूवार को उत्तराखंड कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने दिल्ली में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा नेता राहुल गांधी के साथ बैठक की।

दिल्ली के इंदिरा भवन में उत्तराखंड कांग्रेस के नेताओं की बैठक हुई। बताया जा रहा है कि इस बैठक में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। वहीं, दिल्ली में कांग्रेस की बड़ी बैठक में पहुंचे नेताओं की बात करें तो इस प्रीतम सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, हरीश रावत मौजूद रहे। एआईसीसी मुख्यालय इंदिरा भवन नई दिल्ली में उत्तराखंड कांग्रेस से संबंध इस अहम बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता विपक्ष लोकसभा राहुल गांधी एवं संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता में तथा प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, सहप्रभारी सुरेंद्र शर्मा तथा प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में संगठन को मजबूत करने और 2027 में उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा को देखते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने पर रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। वहीं उत्तराखंड कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं के बीच एक दूसरे पर की गई टिप्पणी को लेकर भी कांग्रेस आलाकमान ने गहरी नाराजगी जताई है। सूत्रों की माने तो राहुल गांधी ने सीधा तौर पर पार्टी के तमाम नेताओं को तकिद कर दी है की पार्टी के बड़े नेताओं और पार्टी के खिलाफ अगर किसी ने अब बयान दिया तो उस पर कार्यवाई की जाएगी। राहुल गांधी ने सीधे प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को निर्देश दे दिए हैं। वही राहुल गांधी ने सीधे तौर पर कांग्रेस के सभी नेताओं को एकजुट रहने और 2027 के लिए काम करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पार्टी के तमाम नेताओं से भी ये भी कहा है कि एक दूसरे के खिलाफ नहीं बीजेपी के खिलाफ लड़ाई लड़े, महिला अपराध जनता से जुड़े मुद्दों पर पार्टी एकजुट दिखनी चाहिए। वही सूत्रों की माने तो कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने पार्टी आलाकमान के सामने कहा कि प्रदेश में ये बार-बार बात उठती है कि आज हटाया जा रहा, कल हटाया जा रहा, ऐसे में पार्टी जो निर्णय लेना चाहती है जल्द ले ले ताकि 2027 के लिए काम कर सकें। वही हरीश रावत ने गढ़वाल और कुमाऊं के बेलैंस को लेकर अपनी बात रखी जिसमे उन्होंने कहा की पद गढ़वाल और कुमाऊं दोनों मे बंटने चाहिए। वही हरक सिंह रावत ने भी गढ़वाल और कुमाऊं में संतुलन करने की बात कही। वहीं प्रीतम सिंह ने भी पार्टी आलाकमान से कहा की पार्टी जो भी निर्णय लेगी हम सब उसके साथ है।

पूरे दमख़म से पार्टी लड़ेगी विधानसभा चुनाव: हेमा

- जन अधिकार पार्टी जनशक्ति पार्टी के जिला कार्यालय का उदघाटन

भास्कर समाचार सेवा

अक्षय चौधरी को पार्टी की सदस्यता दिलाते राष्ट्रीय सचिव तरुण कौशिक।

हरिद्वार। हनुमन्तपुरम में जन अधिकार पार्टी जनशक्ति के जिला कार्यालय का उदघाटन पार्टी के सलाहकार भागवताचार्य पवन कृष्ण शास्त्री द्वारा पूजन क़र एवं राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडारी, राष्ट्रीय सचिव तरुण कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष ममता सिंह एवं अक्षय चौधरी ने रीबन काटकर विधि विधान से किया गया।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अक्षय चौधरी को जन अधिकार पार्टी जनशक्ति के राष्ट्रीय सचिव तरुण कौशिक ने माला पहनाकर जन अधिकार पार्टी जनशक्ति की सदस्यता दिलवाई।

जन अधिकार पार्टी जनशक्ति की राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडारी ने कहा कि पार्टी 2027 का विधानसभा चुनाव पूरे दमख़म से लड़ेगी। जनता जन अधिकार पार्टी जनशक्ति की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से बढ़ चढ़कर जुड़ रहीं है। जन अधिकार पार्टी जनशक्ति द्वारा घर घर अभियान कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें पार्टी द्वारा भविष्य की योजनाओं को घर घर पहुंचाया जा रहा है और जनता की समस्याओ को सुना जा रहा है। जिसके तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष आज़ाद अली द्वारा हरिद्वार जिले के अलग अलग स्थानों पर जाकर बैठक क़र जनता की समस्याओ को सुन उनका समाधान करवा रहे है।

पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तरुण कौशिक एवं ज्वालापुर प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ममता सिंह ने कहा कि जिस तरह भाजपा और कांग्रेस बारी बारी से उत्तराखंड में सरकार बनाकर प्रदेश को लूटने खसोटने का कार्य किया है। जन अधिकार पार्टी सभी धर्मो के लोगो को साथ लेकर धर्म की राजनीति न करके जनहित के मुद्दों पर बात करेंगी। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अक्षय चौधरी ने पार्टी की सदस्यता लेने के बाद कहा कि पार्टी बहुत अच्छी सोच के साथ कार्य क़र रही और वह अपनी टीम के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव तरुण कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष ममता सिंह, जिलाध्यक्ष करन विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष खालिद हसन एवं मोहसिन, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा नीलम, विधान सभा अध्यक्ष महिला परमजीत कौर, युवा नेता दीपक भट्ट, शहनाज़ अल्वीलियाक़त अली, मुकमिल, रजत सैनी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

काम बंद कर नगर पालिका कर्मियों ने प्रदर्शन किया

भास्कर समाचार सेवा

- पालिका बैरियर में मारपीट करने वाले अधिवक्ता की जल्द गिरफ्तारी की मांग

मसूरी। नगर पालिका शहीद भगत सिंह बैरियर पर प्रतिबंधित समय में वाहन मालरोड पर ले जाने का विरोध करने पर एक अधिवक्ता द्वारा कर्मचारी के साथ मारपीट की गई। जिसके खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई व मुकदमा दर्ज कराया गया लेकिन पुलिस के कार्रवाई न करने पर कर्मचारियों ने काम बंद कर व बैरियर खोल कर कचहरी तक प्रदर्शन किया व एसडीएम व कोतवाल को ज्ञापन देकर अधिवक्ता की गिरफ्तारी की मांग की वहीं चेतावनी दी कि यदि इसमें ढील दी गयी तो पालिका कर्मचारी हड़ताल पर चले जायेंगे।

कर्मचारियों ने पालिका कार्यालय से कचहरी व कोतवाली तक प्रदर्शन किया व आरोपी अधिवक्ता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व कोतवाल तथा एसडीएम को ज्ञापन दिया। इस मौके पर एसडीएम कुमकुम जोशी ने कहा कि यह मामला उनकी जानकारी में आया है, जिस पर सीओ व कोतवाल को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कहा गया व मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मौके पर पालिका ईओ तनवीर सिंह मारवाह ने कहा कि आरडी गुप्ता ने पालिका बैरियर पर तैनात कर्मचारी के साथ मारपीट की है उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन उनके पकड़े न जाने पर कर्मचारियों में आक्रोश है। इस मौके पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

एचडीएफसी बैंक ईवी ऑटो लोन मेला आयोजित करेगा

देहरादून। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर 6 जून तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों में एक मेगा ईवी ऑटो लोन मेला आयोजित किया जा रहा है। इन राज्यों की 600 से अधिक शाखाएं इस दो दिवसीय लोन मेले में भाग लेंगी। बैंक ने ईवी ऑटोमोबाइल निर्माताओं और क्षेत्रीय ऑटो-डीलरशिप के साथ भागीदारी की है। लोन मेले में आने वाले ग्राहक विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन कर सकते हैं और टेस्ट ड्राइव का विकल्प चुन सकते हैं। ऑटो लोन मेला एचडीएफसी बैंक की मजबूत एक्सप्रेस कार लोन सुविधा द्वारा समर्थित है, जहां पात्र ग्राहक ईवी ऑटो खरीद पर विशेष सौदों और ऑफ़र के साथ-साथ मौके पर ही लोन स्वीकृत करवा सकते हैं। एक्सप्रेस कार लोनश सुविधा को खरीदारों को वास्तविक कार डीलरों से जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

नैनीताल बैंक ने पर्यावरण दिवस पर निकाली रैली

भास्कर समाचार सेवा

देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नैनीताल बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा एक जोशपूर्ण और प्रभावशाली पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के महत्व को प्रोत्साहित करना था।

इस रैली में आसपास की शाखाओं के शाखा प्रबंधकों एवं बैंक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और जल संरक्षण जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए एकजुट होकर भागीदारी की।

रैली में प्रतिभागियों ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम से जुड़े बैनर उठाए और नारे लगाए, जिससे पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचा। यह रैली क्षेत्रीय कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिससे आम नागरिकों का भी ध्यान आकर्षित हुआ।

पर्यावरण दिवस पर होटलों ने स्वच्छता अभियान चलाया

मसूरी। मसूरी के प्रमुख होटलों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लाइब्रेरी से शहीद भगत सिंह चौक तक स्वछता अभियन चलाया। वर्ल्ड इन्वायरमेंट डे पर एंडिंग प्लास्टिक पोल्यूशन ग्लोबली नारे के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में होटलों के अधिकारी व कर्मचारियों ने कूडा एकत्र किया व नगर पालिका परिषद को निस्तारण के लिए सौंपा। इस अभियान में संजय उनियाल, वीनस, निशांत, विजय बिंदवाल, मनीष, अरूण जोशी, यश, विमल रावत, धीरज सहित होटल द फर्न ब्रेटवुड, क्लब महिंद्रा, ओएसिस, स्टर्लिंग रिजोर्ट, रमाडा, वैलकम सवाय, जेपी रेजीडेंसी मेन्योर, मोजाइक, स्टोट्रक होटल आदि के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। वहीं दूसरी ओर भाजपा मसूरी मंडल ने भी विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया।

सफाई अभियान चलाया

मसूरी। विश्व पर्यावरण दिवस पर आईटीबीपी अकादमी में जबरखेत नेचर रिजर्व, व वेस्ट वारियर्स के सहयोग से पौधा रोपण किया गया व स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, निदेशक आईजी जीसी उपाध्याय, उपनिदेशक डीआईजी जीजू एस, डीआईजी जीजू एस सहित बल के अधिकारी व जवानों ने वृक्षारोपण किया।

सूचना

आवेदक अरविंद डोभाल पुत्र स्वर्गीय नागेन्द्र प्रसाद डोभाल निवासी गुजरोवाली चौक देहरादून के द्वारा ग्राम नाथुवावाला परगना पछवादून तहसील सदर जिला देहरादून की भूमि खाता संख्या 694 खसरा संख्या 476,477 के कुल रकबा 0.157 है० मे उपखनिज भंडारण किये जाने हेतु आवेदन किया है की यदि किसी व्यक्ति ग्रामवासी/संस्थान विभाग आदि जो निर्धारित स्थल पर उपखनिज भंडारित किये जाने से प्रभावित हो अथवा कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर जिला खान अधिकारी कार्यालय देहरादून को अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता हैं।

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाषः 0135–2763808, फैक्स– 0135–2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक–404 **ई–निविदा सूचना** दिनांक– 05/06/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद–प्रथम) लजविप, यूजेवीएन लिमिटेड, श्रीकोट, श्रीनगर जिला–पौडी गढवाल, इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदा आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः–
निविदा सं0 : 04/अ.अ(जानपद–प्रथम)/श्रीकोट/2025–26
कार्य का नामः जनपद–राम प्रसाद नौटियाल, दुनाव लजवि परियोजना (2x0.75) मे0वा0, जिला– पौड़ी गढ़वाल, के डायवर्जन वियर पर सुरक्षात्मक कार्य।
अनुमानित लागत : रू0 38.14 लाख (जीएसटी अतिरिक्त)।
बेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता तिथि : 06.06.2025 को 17:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 03.07.2025 को 14:30 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद–प्रथम)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की ओर से मानक संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

'आपका अनुभव, आपकी ज़रूरतें, इन्हीं से बनते हैं बेहतर मानक'

भास्कर समाचार सेवा

मानक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते कृषि मंत्री गणेश जोशी।

देहरादून। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की ओर से मानक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग जगत के लोग एक महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए एकत्रित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री गणेश जोशी रहे। बीआईएस न केवल उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है, बल्कि उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम भी बनाता है। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधा लगाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की शपथ भी इस दौरान ली गई, साथ ही शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गणेश जोशी ने बीआईएस को इस पहल के लिए बधाई देते हुए सभी उद्योग प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस यात्रा में सक्रिय भागीदार बनें रहे।

इस दौरान बीआईएस डायरेक्टर सौरभ तिवारी ने उद्योग जगत से कहा कि भारतीय मानकों को अपनाना आपकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाता है, और साथ ही यह उपभोक्ता का विश्वास भी जीतता है। लेकिन इससे भी आगे बढ़कर, उद्योगों को मानक-निर्माण प्रक्रिया में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आपका अनुभव, आपकी ज़रूरतें, इन्हीं से बेहतर मानक बनते हैं। अंत में नए उद्योगपत्तियों को लाइसेंस वितरण कर प्रोग्राम समापन की ओर बढ़ाया गया. कार्यक्रम के दौरान प्रेसिडेंट पंकज गुप्ता (आईएयू), पीएचडी चैम्बर आफ कामर्स अंड इण्डस्ट्री डाइरेक्टर रितेश सिंह, साथ ही उद्योग जगत से भारी संख्या मे उद्योगपति मौजूद रहे।

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात–362 266,
कॉर्पोरेट कार्यालयः 12वीं मंजिल, आर टेक पार्क, निरलोन कॉम्प्लेक्स, हब मॉल के पास, गोरेगांव (पूर्व) मुंबई–400 063, महाराष्ट्र।

ई–नीलामी बिक्री नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए 15 दिनों की नीलामी बिक्री नोटिस ।

आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड और आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के बीच विलय के कारण, दिनांक 11-03-2024 की योजना के तहत नेशनल कंपनी लह ट्रिब्यूनल-अहमदाबाद द्वारा 24-03-2025 को पारित आदेश में विधिवत रिकॉर्ड किया गया था। आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा गिरवी रखी गई संपत्ति के संबंध में शुरू की गई सभी SARFAESI कार्रवाई, समामेलित कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को हस्तांतरित की गई है । जबकि **आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**/ सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 (SARFAESI) के प्रवर्तन की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के लिए निम्नलिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्जा कर लिया है । बकाया के लिए सुरक्षित लेनदार के सुरक्षित ऋणों की वसूली के लिए, जैसा कि नीचे दिए गए शुल्क और निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं से लागत के साथ नीचे उल्लेख किया गया है। नोटिस सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं को दिया जाता है कि **आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड** के द्वारा ऋणों की प्राप्ति के लिए निम्नलिखित संपत्ति की ई नीलामी "जैसा कि कहाँ है", "जैसा कि क्या है" और "जो भी हो" आधार पर आयोजित की जाएगी ।

ई नीलामी की दिनांक और समय: 24.06.2025, सुबह 11:00 बजे से 01:00 बजे के बीच
KYC और बयाना मनी डिपॉजिट (EMD) की प्राप्ति की अंतिम तिथि: 23.06.2025

क्र. सं.	उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम	संपत्तियों का विवरण/सुरक्षित संपत्ति और कब्जा की तारीख	आरक्षित मूल्य (₹ में)	बयाना मनी डिपॉजिट (ईएमडी) (₹ में) / वृद्धिशील मूल्य (₹ में)	मांग नोटिस तिथि और कुल राशि (₹ में)
1.	**1. मैसर्स वेलमेड बायोटेक,** अपने मालिक **स्नेह लता गुप्ता** के माध्यम से **2. श्रीमती स्नेह लता गुप्ता** पत्नी जितेंद्र कुमार गुप्ता **3. श्रीमती दीपाली गोयल** **4. मैसर्स फ्रेश एन. फाइन होममेड शॉप,** अपने मालिक **दीपाली गोयल** के माध्यम से, **5. श्री विपुल गोयल** ऋण खाता संख्याः- **ABHARSTS000000637731**	दूसरी मंजिल पर छत अधिकार के बिना संपत्ति 2 BHK फ्लैट नं. B-4, कुल क्षेत्र 910 वर्ग फुट यानी 84.55 वर्ग मीटर, मोहल्ला न्यू आर्दश नगर, गाँव मलकपुर लतीफ पुर (मुनिकैप सीमा रूड़की के भीतर) परगना और तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार में स्थित, जिसका खाता नंबर 443, खासरा नं. 276 और 277 है, **परिबद्ध और बटेडः पूर्वः** सुनील कुमार जैन की संपत्ति द्वारा, **पश्चिमः** सुनील कुमार जैन की संपत्ति द्वारा फिर 22 फीट चौड़ी मार्ग से, **उत्तरः** सुनील कुमार जैन की संपत्ति द्वारा, **दक्षिणः** नाला द्वारा	₹ 30,02,000/- (तीस लाख दो हजार रुपये मात्र)	₹ 3,00,200/- (तीन लाख दो सौ रुपये मात्र) ₹ 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये मात्र)	22.04.2024 एवं ₹ 35,92,498.71 (पैंतीस लाख बानवे हजार चार सौ अठ्ठानवे रुपये एवं इकहत्तर पैसे मात्र) 12.04.2024 तक, देय

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक को देखें यानी https://abfl.adityabirlacapital. com/Pages/Individual/Properties-for-Auction-under-SARFAESI-Act.aspx or https://BidDeal.in

संपर्क **Nos:** आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड, अधिकृत अधिकारी - 1) श्री अपूर्वा थॉमस दांथी - apoorva.danthi@adityabirlacapital.com मोबाइल नंबर 9930909725, आप निकटतम शाखा पर भी जा सकते हैं या आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड से संपर्क कर सकते हैं 2) श्री जाहिरुल लास्करः (Jahirul.Laskar@adityabirlacapital.com) मोबाइल नंबर 91 97060 03075, 3) परनीत सिंह : (parneet.singh@adityabirla capital.com) मोबाइल नंबर 91 97200 29337, 4) वेद प्रकाश मिश्रा - (vedprakash.mishra@adityabirlacapital.com) मोबाइल नंबर 91 90040 26790.

स्थान : हरिद्वार, उत्तराखंड
दिनांक : 06.06.2025

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड